# इन्श्योरेंस रिन्यु के नाम पर 20 लाख की ठगी, युपी से 2 गिरफ्तार

### रिटायर्ड स्टेट बैंक मैनेजर बने ठगी का शिकार



जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। कोतवाली थाना अन्तर्गत नगर के एक रिटायर्ड स्टेट बैंक मेनेजर को साइबर ठगो ने बीमा पॉलिसी रिन्यु कराने का झांसा देकर 20 लाख रूपये ठगी की घटना को अंजाम दिया था। प्रार्थी को जब ठगी का एहसास हुआ तो कोतवाली थाने पहुंच कर शिकायत के बाद साइबर पुलिस की मदद से पतासाजी कर आरोपियों को नोएडा उतर प्रदेश में जाकर 03 दिन कैम्प के बाद घेराबंदी कर दो आरोपी को धर दबोचा और बस्तर लाया गया। आरोपियों के कब्जे से 07 नग मोबाईल, एटीएम और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बारमंद कर जब्त किया है। पुलिस द्वारा प्रार्थी को 09 लाख रुपये रिफंड कराया गया है। दोनों आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रार्थी रिटायर्ड उप प्रबंधक एसबीआई, आनंदराव देशमुख ने वर्ष 2015 में एचडीएफसी लाइफ का बीमा पॉलिसी करवाया था जो कि 01 प्रिमियम का भुगतान के पश्चात आर्थिक स्थिति ठीक नही होने से प्रिमियम को भुगतान नही कर पा रहा था।

अक्टूबर 2023 में प्रार्थी को लगातार अनजान नम्बरों से फोन आया कि मैं आईआरडीआर के अधिकारी हूँ।आपका बंद हुआ बीमा पॉलिसी की मेच्योरिटी का आपको पूरा पैसा मिलेगा। यदि आप इस पॉलिसी को रिन्यु नही कराते है तो यह पॉलिसी बंद हो जायेगा। प्रार्थी के द्वारा वर्ष 2023 से लगातार फोन के द्वारा बताये गये अलग-अलग खातों में बीस लाख नब्बे हजार अठाईस रुपये दिया गया. प्रार्थी को फ्रॉड होने की आशंका होने पर थाना कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज करने पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया और विवेचना की गई।

### नोएडा में घेराबंदी से 2 आरोपी को पकड़ा

अपराध कायमी पश्चात् मामले की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल गितिका साहू के नेत्तृव में मामले की तकनिकी जांच एवं विवेचना आरंभ कि गई। तकनिकी जाँच के दौरान कुछ आरोपियों को चिन्हीत किया गया और तत्काल एक विशेष टीम गठित कर दिल्ली नोएडा रवाना किया गया। नोएडा में लगातार 03 दिनों तक बैंक कर्मी एवं किरायेदार बनकर रेकी करते हुए एक होटल के पास घेराबंदी कर आरोपी लवकुश पिता यतेन्द्र सैनी निवासी प्रतापगढ़ उप्र और राहुल कुमार पिता राम दुलारे यादव निवासी लालगंज उप्र को पकड़ा गया। इनके पास से फर्जी सिम एवं फर्जी मोबाईल एटीएम कार्ड, हिसाब किताब के रजिस्टर एवं 10 हजार लोगो के इन्श्योरेंश के डॉटा जप्त किया गया।

## प्रवेश उत्सव के साथ बस्तर में शिक्षण कार्य प्रारम्भ



जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में बस्तर जिले में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के समस्त शालाओं में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक, फूल-माला पहनाकर एवं सरस्वती वंदना के साथ स्वागत किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर.बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा प्रवेश उत्सव की तैयारी पूर्व में ही कर ली गई थी, जिसमें शालाओं की साफ-सफाई, बच्चों को गणवेश व किताबों का वितरण पहले ही किया जा चुका है, जिसका उद्देश्य सत्र के पहले दिन से ही शिक्षण कार्य कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि च्प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना एवं उन्हें विद्यालय से जोड़ना है। जिले की सभी शालाओं में यह उत्सव एक पर्व की तरह मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव में दरभा विकासखंड के माध्यमिक शाला छोटे गूडडूपारा जो वर्ष 2019 से छात्रविहीन था वहां जिला शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 07 बच्चों का कक्षा 6 वीं में प्रवेश कराया गया जिला मे एक भी विद्यालय शिक्षक विहीन नहीं है इस मौके पर उनके साथ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, जनपद सदस्य, सरपंच के अलावा शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे। इसी प्रकार का आयोजन राजूर ग्राम के विद्यालय में भी किया गया।

## महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी को रथारूढ़ करने बन रहा 32 फीट ऊंचा नया रथ



### बस्तर गोंचा पर्व के लिए कारीगर तैयार कर रहे लकड़ी का रथ

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर गोंचा महापर्व की तैयारी जोर जोर से चल रहा है। भगवान जगन्नाथ स्वामी अनसर काल में मंदिर परिसर के मुक्ति मंडप में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। परम्परा के अनुसार श्री गोंचा पर्व के लिए सिरहासार भवन में नए रथ का निर्माण कार्य शुरु हो गया है। सिरहासार भवन में कारीगर रथ के पहिए का ढांचा तैयार किए जा रहे है। एक सप्ताह के भीतर 32 फीट ऊंची काष्ठ रथ तैयार हो जाएगा। श्रीगोंचा पर्व में एक नये रथ और दो पुराने रथ के साथ तीन अलग-अलग रथों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा देवी की 22 विग्रहों को रथारुढ़ कर शहर परिक्रमा कराई जाएगी।

बस्तर में वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार बस्तर गोंचा पर्व के लिए एक नए रथ का निर्माण बेड़ाउमरगांव के कारीगर हरदेव यादव के नेतृत्व में 10 सदस्यों की टीम सोमवार की सुबह से लकड़ी के रथ निर्माण कार्य में जुट गए है। कारीगरों के अनुसार एक सप्ताह के अंदर रथ का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हरदेव ने बताया कि दशहरा रथ की तरह गोंचा रथ का निर्माण भी उन्हीं के गांव के लोग करते हैं। उन्होंने बताया कि रथ निर्माण के लिए लकड़ी व अन्य सामग्री टेंपल कमेटी उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि हर साल एक नया रथ का निर्माण किया जाता है। कारीगरों को टेंपल कमेटी मजदूरी के रुप में एकमुश्त राशि देता है, जिसे वे आपस में बराबर बांट लेते है।

### सिरहासार में 9 दिन धार्मिक कार्यक्रम

बस्तर गोंचा महापर्व के दौरान सीरासार भवन और भगवान जगन्नाथमंदिर परिसर में 9 दिनों के विविध धार्मिक आयोजन होते हैं। आरण्यक ब्राम्हण समाज द्वारा प्रतिदिन अमनिया कार्यक्रम के तहत भोज का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए सातों विकासखंडों में शिविरों का आयोजन आज से

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। भारत सरकार द्वारा जिले में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित है। इसके तहत 30 जून तक बस्तर जिले के चयनित ग्रामों में धरती आबा-जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर नामक एक केंद्रीत अभियान किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अंतिम स्तर पर व्यक्तिगत अधिकारों को प्राप्त कराना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम के तहत ग्रामों में शिविर का आयोजन करने तथा जमीनी स्तर पर विभिन्न योजनाओं का निष्पादन करते हुए लंबित अंतराल को पूर्ण करने तथा लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं को सामुदायिक गतिशीलता प्रदान करना है। इस हेतु जिले के सातों विकासखंडों में शिविर आयोजित की जाएगी। इसके लिए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

विकासखण्ड जगदलपुर के तहत नगरनार में 17-18 जून को, बाबूसेमरा में 18-19 जून को, तितिर गांव में 19-20 जून को, कवालीकला में 20-21 जून को, साड़गुड़ में 23-24 जून को और नियानार में 24-25 जून को क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित की जाएगी। विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा में बदरेंगा में 17-18 जून को, चित्रकोट में 18-19 जून को, अलनार में 19-20 जून को, बाघनपाल में 20-21 जून को, उसड़ीबेड़ा 23-24 जून को आयोजित होगी। विकासखण्ड बास्तानार के तहत बास्तानार में 17-18 जून को, पालानार में 18-19 जून को। विकासखण्ड बस्तर के तहत घोटिया में 17-18 जून को, सिवनी में 18-19 जून को, भानपुरी में 19-20 जून को, लामकेर में 20-21 जून को, चोकर में 23-24 जून को, इच्छापुर में 24-25 जून को, सालेमेटा-02 में 25-26 जून को आयोजित होगा। इसी प्रकार बकावण्ड विकासखण्ड के जैबेल में 17-18 जून को, कोलावल में 18-19 जून को, जैतगिरी में 19-20 जून को, मूली 20-21 जून को, कचनार में 23-24 जून को, करीतगांव में 24-25 जून को, बकावण्ड में 25-26 जून को, तारापुर में 26-28 जून को और मोहलाई में 27-28 जून को होगी। विकासखंड तोकापाल में ग्राम पोटानार में 17-18 जून को, सिंगनपुर में 18-19 जून को, रायकोट में 19-20 जून को, कुरेंगा में 20-21 जून को, तोकापाल में 23-24 जून को, केशलूर में 24-25 जून को होगा। विकासखंड दरभा में ग्राम ढोढरेपाल में 17-18 जून को, चिंगपाल में 18-19 जून को, पखनार में 19-20 जून को और मावलीपदर में 20-21 जून को कलस्टर स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर माननीय गोविन्द नारायण जांगड़े, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन पर ग्राम पंचायत बिलोरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सुश्री अंकिता कश्यप, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। सुश्री अंकिता कश्यप, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि घर तथा समाज में वरिष्ठजनों से अच्छी सीख तथा मार्गदर्शन हमेशा मिलता है । वरिष्ठजनों के साथ दुर्व्यवहार न कर उनकी अच्छी तरह से देखभाल करने एवं उनके खान-पान, स्वास्थ्य तथा देखरेख हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया ।

विधिक साक्षरता शिविर में वरिष्ठजनों से संबंधित कानूनी जानकारियों बताते हुए उन्हें उनके अधिकार से भी अवगत कराया गया। साथ ही निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 का लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया गया । इस विधिक साक्षरता शिविर में ग्राम पंचायत बिलोरी के सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामवासियों के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स शोभाराम बघेल एवं जगन्नाथ भारती उपस्थित थे । च्विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सुश्री अंकिता कश्यप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स घनश्याम पैगड़ द्वारा ग्राम मटनार में, श्रीराम कश्यप द्वारा ग्राम बेलपुटी में, यदुराम शार्दुल द्वारा ग्राम एरंडवाल में, नारायण सिंह द्वारा ग्राम खोटलापाल में, कु0मीना ठाकुर द्वारा ग्राम इच्छापुर में, गुलाब ठाकुर एवं होमंश मौर्य द्वारा ग्राम कुम्हली में, कु0 सावित्री बेसरा द्वारा धरमपुरा में, कु0विनिता दास द्वारा ग्राम मारकेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किये गये ।

### बाल श्रम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में बाल श्रम रोकने, बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु विशेष अभियान

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर हरिस एस एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में जिला टास्क फोर्स द्वारा बाल श्रम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में बाल श्रम रोकने, बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु 05 जून से 15 जून तक विशेष अभियान चलाया गया।

जिला श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक ने बताया कि बस्तर जिले में जिला टास्क फोर्स द्वारा विगत 05 जून से 15 जून तक बाल श्रम रोकने छापामार कार्यवाही की गई है। 15 जून तक 04 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 2017 के प्रावधानों के तहत श्रम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। जिला टास्क फोर्स में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, चाइल्ड लाइन एवं स्वयं सेवी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिला टास्क फोर्स दल द्वारा सभी आम नागरिकों से बाल श्रम रोकने एवं इसके लिए जागरूकता लाने के लिए अपील की।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम में नक्सलवाद और साइबर फ्रॉड को लेकर किया गया जागरूक




### शैक्षणिक विकास तथा मनोरंजन के लिए पंचायत को दिया टेलीविजन

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। पुलिस अधीक्षक के आदेश और मार्गदर्शन में बस्तर जिले के चौकी पखनार के सुदूर ग्राम कलेपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम कलेपाल में नक्सलवाद उन्मूलन ,साइबर अपराध, डिजिटल साइबर अरेस्ट संबंधित फ्रॉड, महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराध, यातायात, नशामुक्ति इत्यादि के संबंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को जाकरुक किया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में बच्चों के शैक्षणिक विकास तथा मनोरंजन तथा आम जन के मनोरजन के उद्देश्य से टेलीविज़न, डीटीएच वितरण के अलावा क्रिकेट किट ,वॉली बॉल, कैरम इत्यादि खेल सामग्री का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों से नक्सलवाद के विरुद्ध एकजुट रहने तथा गाँव को मुख्यधारा में जुड़े रहने की अपील की गई। ग्रामीणों के स्थानीय समस्याओं को सुनकर निराकरण संबंधित आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्षित निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी दरभा चाणक्य नाग, चौकी प्रभारी पखनार राजेश राठौर के अलावा पुलिस कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## वर्षा ऋतु में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध

जगदलपुर, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। मत्स्य विभाग द्वारा के दौरान वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के लिए संरक्षण देने के लिए जिले की तलाबों, जल स्त्रोतों, नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदीयों और जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को ज्बंद ऋतु (क्लोज सीजन)च्च् के रूप में घोषित किया गया है। इनमें सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, तथापि ऐसी मछली के परिवहन-विक्रय दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य अवश्य रखें। जिस राज्य से मछली आयात की गई है। उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com